आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2018
(सामान्य अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान)
द्वितीय प्रश्नपत्र
मॉडल पेपर-2

समय : 3 घंटे **कुल अंक : 200**

कुल प्रश्न : 39

(यूनिट-I) (65 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. लैंगिक नीतिशास्त्र से आप क्या समझते हैं?
2. बौद्ध दर्शन के चार आर्यसत्य कौन-कौन से हैं?
3. सुकरात का सद्‌गुण सिद्धांत क्या है?
4. एकात्म मानववाद क्या है?
5. समानुभूति एवं सहानुभूति में अंतर बताइये।

भाग-ब **अंक : 25**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. "नैतिकता एक अर्जित अवधारणा है" स्पष्ट कीजिये।
7. गांधीजी के साधन-साध्य संबंध पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये।
8. "गीता का निष्काम कर्मयोग का सिद्धांत लोक सेवकों के लिये एक श्रेष्ठ मार्गदर्शक का कार्य कर सकता है।" स्पष्ट कीजिये।
9. कांट के अनुसार 'मनुष्य को साध्य मानने का नियम' क्या है?
10. अभिवृत्ति एवं विचार में क्या संबंध है?

भाग-स **अंक : 30**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. 'एक प्रशासनिक अधिकारी का संतुलित व्यक्तित्व उसे निश्चित तौर पर लाभ पहुँचाता है।" इस कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिये।
12. "वर्तमान में बदलती जीवन-शैली ने तनाव के स्रोत बढ़ाए हैं।" इस कथन के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिये।
13. आप एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में किसी राज्य के ऐसे ज़िले में तैनात हैं, जहाँ शहरी और विलासितापूर्ण ज़िंदगी की सारी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। अचानक आपका तबादला एक ऐसे ज़िले में होता है, जहाँ बुनियादी आवश्यकताओं (बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा आदि) की पूर्ति भी भलीभाँति संभव नहीं है। आपकी पत्नी, जो एक संभ्रांत और अति धनाढ्य घर की बेटी है, वहाँ जाने से इनकार कर देती है। उसका कहना है कि वह तलाक दे सकती है, लेकिन किसी भी स्थिति में वहाँ नहीं जाएगी। इस स्थिति में आप क्या प्रतिक्रिया करेंगे?

(यूनिट-II) (70 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. जेनेटिकली मॉडिफाइड (GM) फसलें क्या हैं? किस बहुराष्ट्रीय कंपनी ने बी.टी. कपास की भारत में शुरुआत की है?
2. बहुलीकरण क्या है?
3. टेलीकॉम रेग्यूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की स्थापना कब हुई? इसके प्रमुख कार्य बताइये।
4. आमाशय में स्रावित होने वाले एन्ज़ाइमों के नाम लिखिये।
5. सवाई जयसिंह ने खगोलशास्त्र में क्या योगदान दिया था?

भाग-ब **अंक : 20**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. ई-वाणिज्य क्या है?
7. परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन कार्यरत अनुसंधान केंद्रों के नाम बताइये।
8. पारिस्थितिकीय कार्बन चक्र को स्पष्ट कीजिये।
9. मनुष्य को हृदय संबंधी रोगों की रोकथाम के लिये अपनी जीवन-शैली में क्या बदलाव करने चाहियें?

भाग-स **अंक : 40**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

10. दैनिक जीवन में pH के महत्त्व को समझाइये।
11. स्टील्थ टेक्नोलॉजी क्या है? डीआरडीओ द्वारा विकसित प्रमुख मानवरहित विमानों का वर्णन कीजिये।
12. राजस्थान में जल संरक्षण की पारंपरिक प्रणालियों का वर्णन कीजिये।
13. विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय स्वर्गीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के योगदान पर विस्तृत टिप्पणी कीजिये।

(यूनिट-III) (65 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख लौह अयस्क क्षेत्रों के नाम लिखिये।
2. भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट, 2017 के अनुसार वनावरण में सर्वाधिक वृद्धि वाले पाँच राज्यों के नाम बताइये।
3. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरुष एवं स्त्री साक्षरता कितनी है?
4. राजस्थान में लौह अयस्क के प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइये।
5. राजस्थान के न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर वाले चार ज़िलों के नाम बताइये।

भाग-ब **अंक : 25**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. राजस्थान में सौर ऊर्जा की विपुल संभावनाएँ हैं। समझाइये।
7. भारत में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनस्पति पर टिप्पणी कीजिये।
8. भारत के उत्तर के विशाल मैदान का प्रादेशिक विभाजन कीजिये।
9. राजस्थान में जिप्सम उत्पादन क्षेत्रों एवं जिप्सम के उपयोग का संक्षिप्त विवेचन कीजिये।
10. बालूका स्तूप क्या है? राजस्थान में कितने प्रकार के बालूका स्तूप पाए जाते हैं?

भाग-स **अंक : 30**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. ज्वालामुखियों के वैश्विक वितरण का विवेचन कीजिये।
12. भारत के प्रमुख भौतिक प्रदेशों का नाम बताते हुए उनमें से किसी एक क्षेत्र का वर्णन कीजिये।
13. इंदिरा गांधी नहर की लिफ्ट नहरों की स्थिति एवं नाम बताइये तथा राजस्थान के लिये इनके महत्त्व का वर्णन कीजिये।